एक सप्ताह में तेल 5 और चीनी 6 रुपये महंगी

खास बातें

- स्टॉकिस्टों पर कृत्रिम कमी पैदा करने के आरोप
- रसोई का बजट बिगड़ा, अगस्त में और बढ़ सकते हैं खाद्य पदार्थों के दाम
- शक्कर की मिठास को लगी महंगाई की नजर

नवभारत न्यूज

विदिशा 23 जुलाई, महंगाई का असर अब आम लोगों की रसोई पर साफ दिखाई देने लगा है. पिछले एक सप्ताह के भीतर खाद्य तेल, शक्कर, दाल और अन्य किराना वस्तुओं के दामों में लगातार बढ़ोतरी हुई है. सबसे अधिक असर खाद्य तेल और शक्कर की कीमतों पर देखने को मिला है. बाजार में 800 ग्राम के तेल के पाउच के दाम बढ़कर करीब 150 रुपये और 900 ग्राम के पाउच की कीमत 170 रुपये तक पहुंच गई है। वहीं शक्कर के भाव भी महज सात दिनों में लगभग 6 रुपये प्रति किलो तक बढ़ गए हैं.

किराना व्यापारियों के अनुसार खाद्य पदार्थों की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से आम उपभोक्ताओं की रसोई का बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है। तेल और शक्कर के अलावा तुअर दाल, चना दाल, मसूर दाल, हरी मूंग, मूंग दाल तथा चावल के दामों में भी तेजी दर्ज की गई है. रोजमर्रा की जरूरत की अधिकांश वस्तुएं महंगी होने से मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है. व्यापारियों का कहना है कि थोक बाजार में लगातार बढ़ रहे दामों का सीधा असर फुटकर बाजार पर पड़ रहा है. इसके चलते दुकानदारों को भी नई कीमतों पर सामान बेचना पड़ रहा है. जानकारों का मानना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो अगस्त माह की शुरुआत से खाद्य पदार्थों की कीमतों में एक और दौर की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है.



हर किराना दुकान तक पहुंचा नकली घी का कारोबार

जिले में नकली घी का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। किराना बाजार से जुड़े जानकारों के अनुसार अधिकांश किराना दुकानों पर अलग-अलग ब्रांड नामों से बिना मानक वाले घी के पैकेट खुलेआम बेचे जा रहे हैं. बताया जाता है कि ये पैकेट आसपास के शहरों में तैयार कर फुटकर दुकानों तक पहुंचाए जाते हैं. खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा इन संदिग्ध ब्रांडों की नियमित जांच नहीं होने से यह कारोबार लगातार बढ़ रहा है. व्यापारियों का कहना है कि समय-समय पर सघन जांच और सख्त कार्रवाई नहीं होने से उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है.

स्टॉकिस्टों पर लगाए कृत्रिम कमी पैदा करने के आरोप



व्यापार महासंघ के पूर्व उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के लिए स्टॉकिस्टों को जिम्मेदार ठहराया है उनका कहना है कि कुछ बड़े स्टॉकिस्टों द्वारा बाजार में कृत्रिम रूप से खाद्य सामग्री की कमी पैदा की जा रही है, जिससे कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं. उन्होंने कहा कि पहले उपभोक्ता मंत्रालय खाद्य वस्तुओं के दामों की निगरानी करता था, लेकिन अब ऐसी प्रभावी व्यवस्था दिखाई नहीं देती. परिणामस्वरूप निर्माता कंपनियां और बड़े कारोबारी अपनी सुविधा के अनुसार मूल्य तय कर बाजार में सामान उतार रहे हैं. बढ़ती महंगाई के बीच उपभोक्ताओं को राहत मिलने की फिलहाल कोई संभावना नजर नहीं आ रही है. यदि कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में रसोई का बजट और अधिक बिगड़ सकता है तथा आम परिवारों की जेब पर महंगाई का बोझ लगातार बढ़ता जाएगा.

जिला पंचायत की सामान्य सभा में जनहित के कई अहम फैसले

- खाद-बीज का पारदर्शी वितरण, पहली प्राथमिकता शिक्षा, बिजली
- जल संरक्षण और सड़क विकास पर दिए गए निर्देश



नवभारत न्यूज

विदिशा 23 जुलाई, जिला पंचायत सभागार में गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में किसानों, शिक्षा, विद्युत, जल संरक्षण और विकास कार्यों से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.

बैठक में आगामी फसल सीजन को देखते हुए किसानों को खाद एवं बीज का समय पर और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता न हो, इसके लिए संबंधित क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य करने तथा प्रमाणित एजेंसियों के खाद-बीज के नमूनों की आकस्मिक जांच कराने के निर्देश भी दिए गए.शिक्षा विभाग को शून्य छात्र संख्या वाले शासकीय विद्यालयों में पदस्थ अतिरिक्त शिक्षकों का जरूरत वाले विद्यालयों में समायोजन करने के निर्देश दिए गए. वहीं किसानों की सुविधा के लिए हैदरगढ़ में अलग ट्रांसफार्मर स्टोर स्थापित करने और खेतों में करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विद्युत लाइनों एवं पोलों का नियमित निरीक्षण एवं रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा गया.बैठक में कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए बांधों में डेड स्टोरेज का पानी सुरक्षित रखने, जल जीवन मिशन के कार्य गर्मी से पहले पूर्ण करने, जल निगम को बिना एनओसी सड़क नहीं खोदने तथा बासोदा बायपास का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए गए.प्रशासनिक अनुशासन पर भी बैठक में सख्त रुख अपनाया गया. विभागीय आयोजनों में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों को आमंत्रित नहीं किए जाने पर स्वास्थ्य, जल निगम और कृषि विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित कर इसे उनकी सेवा पुस्तिका में दर्ज कराने के निर्देश दिए गए. साथ ही सामान्य सभा से अनुपस्थित अधिकारियों का वेतन रोकने की चेतावनी भी दी गई.बैठक के अंत में विदिशा-अहमदपुर मार्ग को राज्य बजट में स्वीकृति दिलाने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं स्थानीय विधायक के प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया गया.


एक नजर में

खेत में मिला कंकाल, जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

सिरोंज, ग्राम देहरी के पास के क्षेत्र में गुरुवार को एक खेत में कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी.थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि ग्राम देहरी के समीप एक खेत में कंकाल मिलने की सूचना प्राप्त हुई. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच-पड़ताल की. प्रारंभिक तौर पर कंकाल किसी पुरुष का प्रतीत हो रहा है. हालांकि सही स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी. पुलिस कंकाल को कब्जे में लेकर मेडिकल जांच के लिए भेज रही है. जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी. फिलहाल पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है.

राजपूत आप की राष्ट्रीय परिषद के निर्विरोध सदस्य चुने गए



नवभारत न्यूज

विदिशा. आम आदमी पार्टी की सर्वोच्च इकाई राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पद के लिए हुए ऑनलाइन चुनाव में विदिशा के फाउंडर मेंबर एवं प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष भगवत सिंह राजपूत निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं. चुनाव राष्ट्रीय महासचिव पंकज गुप्ता और प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर की उपस्थिति में संपन्न हुआ. सक्रिय सदस्यों ने सर्वसम्मति से केवल भगवत सिंह राजपूत का नाम प्रस्तावित किया, जिसके बाद उन्हें निर्विरोध चुना गया. पार्टी ने उनके चयन को ईमानदारी, संगठन के प्रति समर्पण और लंबे समय से किए जा रहे सक्रिय कार्यों का सम्मान बताया. राष्ट्रीय परिषद पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारण संस्था है, जिसे संविधान में संशोधन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन और संगठन की नीतियां तय करने का अधिकार प्राप्त है. उनके चयन पर प्रदेश और जिला पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं.



बारिश के बाद झूम उठे मयूर, हरियाली के बीच बिखरा प्रकृति का मनमोहक सौंदर्य

- मानसून की फुहारों में पंख फैलाकर किया नृत्य
- प्रकृति प्रेमियों को लुभा रहे मनोहारी दृश्य

नवभारत न्यूज

विदिशा. लगातार हो रही मानसूनी बारिश के बाद विदिशा शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रकृति अपने पूरे सौंदर्य के साथ खिल उठी है. हरियाली से लहलहाते खेतों, वन क्षेत्रों और खुले प्राकृतिक वातावरण में राष्ट्रीय पक्षी मयूर पंख फैलाकर मनमोहक नृत्य करते दिखाई दे रहे हैं.

मानसून की फुहारों के बीच मयूरों का नृत्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. प्रकृति प्रेमी और वन्यजीव प्रेमी इन दुर्लभ पलों का आनंद लेने के साथ उन्हें अपने कैमरों में भी कैद कर रहे हैं. खेतों और हरियाली के बीच मयूरों की अठखेलियां पूरे क्षेत्र को जीवंत और मनोहारी बना रही हैं.

फोटो जर्नलिस्ट जितेंद्र शर्मा ने भी इन मनोहारी दृश्यों को अपने कैमरे में कैद किया. उनका कहना है कि बारिश के मौसम में मयूरों का स्वाभाविक नृत्य प्रकृति का अनुपम उपहार है, जो हर किसी का मन मोह लेता है.बारिश के बाद बढ़ी हरियाली और अनुकूल मौसम ने न केवल वन्यजीवों में नई ऊर्जा का संचार किया है, बल्कि प्रकृति प्रेमियों को भी मनमोहक दृश्य देखने का अवसर प्रदान किया है. विदिशा अंचल में इन दिनों मानसून के साथ प्रकृति का यह अद्भुत रूप लोगों को आकर्षित कर रहा है.

फास्ट फूड स्लो पॉइजन है, किशोर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं-डॉ .जैन

नवभारत न्यूज

विदिशा. राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) विदिशा द्वारा मगधम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किशोर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई. इसमें लगभग 450 विद्यार्थियों ने भाग लिया.



आईएपी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीति अग्रवाल ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का सबसे महत्वपूर्ण विकासकाल है. इस दौरान संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और सही मार्गदर्शन स्वस्थ भविष्य की नींव रखते हैं. उन्होंने घर का पौष्टिक भोजन, फल-सब्जियां और 7-8 घंटे की नींद को आवश्यक बताया तथा सोने से दो घंटे पहले मोबाइल और टीवी से दूरी बनाने की सलाह दी.आईएपी विदिशा के अध्यक्ष डॉ. एम.के. जैन ने कहा कि फास्ट फूड स्वादिष्ट जरूर लगता है, लेकिन यह स्लो पॉइजन है. इसके अत्यधिक सेवन से मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मानसिक तनाव, हार्मोनल असंतुलन और कमजोर हड्डियों जैसी समस्याएं हो सकती हैं. उन्होंने किशोरों को घर का भोजन अपनाने, संतुलित आहार लेने और समय पर टीकाकरण कराने की सलाह दी.कार्यशाला में स्कूल संचालक सोमिल पलोड, प्राचार्य रचना नायर एवं शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प भी दिलाया गया.

खेत से दो विद्युत सिंचाई पंप चोरी, किसानों ने पुलिस से लगाई कार्रवाई की गुहार

- धान की रोपाई के लिए रखी गई थीं मोटरें
- करारिया चौराहा थाने में दिया आवेदन

नवभारत न्यूज

पीपलखेड़ा. पीपलखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पोरूखेड़ी में खेत पर रखे दो विद्युत सिंचाई पंप चोरी होने का मामला सामने आया है. घटना के बाद किसानों ने करारिया चौराहा थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

पोरूखेड़ी निवासी रघुवीर सिंह मीणा एवं भगवान सिंह मीणा ने बताया कि 21 जुलाई की शाम नदी से खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने के उद्देश्य से उन्होंने खेत पर 7.5 हॉर्स पावर की टेक्समो और 5 हॉर्स पावर की लूबी कंपनी की विद्युत मोटर रखी थी. इसके बाद वे घर लौट गए.अगली सुबह जब दोनों किसान मोटर चालू करने खेत पहुंचे तो दोनों विद्युत पंप मौके से गायब मिले. उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन मोटरों का कोई सुराग नहीं लगा.इसके बाद दोनों किसानों ने करारिया चौराहा थाना पहुंचकर घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से चोरी का जल्द खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा चोरी गए विद्युत पंप बरामद करने की मांग की है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रभक्ति और त्याग के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

विदिशा. अमर शहीद एवं महान क्रांतिकारी पंडित चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर मिर्जापुर बाईपास स्थित उनकी प्रतिमा पर विधायक मुकेश टंडन के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर विधायक टंडन ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन साहस, राष्ट्रभक्ति और त्याग का प्रतीक है. उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया.कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, महामंत्री सुनील साहू, कार्यालय मंत्री सागर मीणा, पार्षद राजू दांगी, रामप्रसाद पासी, एल्डरमैन विनीता राय सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे. सभी ने आजाद के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया.

नव्या योजना की 40 बालिकाओं ने वर्धमान फैब्रिक्स का किया शैक्षणिक भ्रमण

नवभारत न्यूज

विदिशा. कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित नव्या योजना के अंतर्गत 40 बालिकाओं का शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण बुधनी स्थित वर्धमान फैब्रिक्स में कराया गया. भ्रमण का उद्देश्य बालिकाओं को औद्योगिक कार्यप्रणाली, कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों से परिचित कराना था.

भ्रमण के दौरान बालिकाओं ने धागे से कपड़ा तैयार होने तक की संपूर्ण उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन किया. उन्होंने अत्याधुनिक मशीनों, गुणवत्ता परीक्षण और पैकेजिंग व्यवस्था को भी निकट से देखा. वर्धमान फैब्रिक्स के अधिकारियों ने वस्त्र उद्योग में उपलब्ध रोजगार एवं कौशल विकास के अवसरों की जानकारी देते हुए बालिकाओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए.आईटीआई की प्राचार्या सुश्री कविता रघुवंशी ने तकनीकी शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया. वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग के संतोष रघुवंशी ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास, करियर चयन और रोजगार संबंधी जानकारी को समृद्ध करते हैं.भ्रमण के बाद बालिकाओं ने इसे प्रेरणादायक अनुभव बताते हुए आधुनिक उद्योगों की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की. विभाग ने बताया कि नव्या योजना के तहत भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे.

छात्राओं को सुरक्षा, अधिकार और हेल्पलाइन की दी जानकारी

नवभारत न्यूज

कुरवाई. शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को बाल यौन शोषण से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो अधिनियम-2012) के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चे पॉक्सो अधिनियम के दायरे में आते हैं. छात्राओं को अच्छा स्पर्श-बुरा स्पर्श, निजी अंगों की सुरक्षा तथा किसी भी असुरक्षित स्थिति में नहीं बोलें, वहां से हटें और विश्वसनीय व्यक्ति को बताएं का संदेश दिया गया.



प्रशिक्षकों ने 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा एवं शिक्षकों को तुरंत सूचना देने की सलाह दी. साथ ही बताया कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है और दोषियों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है.कार्यक्रम में प्राचार्य राकेश कुमार चौबे, महिला एवं बाल विकास विभाग के मुकेश ताम्रकार सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा. छात्राओं ने भी सुरक्षा संबंधी प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया.

कुरवाई नगर परिषद में चार एल्डरमेन मनोनीत

नवभारत न्यूज

कुरवाई. मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने विधायक हरिसिंह सप्रे की अनुशंसा पर नगर परिषद कुरवाई के लिए चार एल्डरमेन मनोनीत किए हैं. नियुक्ति मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 19(1)(ग) के तहत की गई है. मनोनीत एल्डरमेनों में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश सोनी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जगदीश साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता राजमल जैन तथा भाजयुमो जिला सह-मीडिया प्रभारी एवं इंजीनियर वरुण चौबे शामिल हैं. शासन के इस निर्णय को अनुभवी और युवा नेतृत्व के समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.



आयोजन | 46 वर्ष बाद एसएटीआई पॉलिटेक्निक 1977-80 बैच का पुनर्मिलन समारोह संपन्न

पूर्व छात्र-छात्राओं ने ताजा कीं यादें, गुरुजनों का सम्मान और मेधावी साथियों का हुआ अभिनंदन

नवभारत न्यूज

विदिशा. एसएटीआई पॉलिटेक्निक के वर्ष 1977-80 बैच के पूर्व छात्र-छात्राओं का 46 वर्ष बाद पुनर्मिलन समारोह भावनात्मक माहौल में आयोजित हुआ. समारोह में करीब 65 पूर्व छात्र-छात्राएं परिवार सहित शामिल हुए और कॉलेज जीवन की यादें साझा कीं.



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ. स्वागत उद्बोधन पी.एस. राठौर ने दिया, जबकि विनोद श्रीवास्तव ने दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की. वर्तमान प्राचार्य नवीन गोयल, पूर्व प्राचार्य जे.के. काले, आर.के. वर्मा सहित कई शिक्षकों ने अपने संस्मरण साझा किए.सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत, कविता और हास्य-व्यंग्य की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया. इस अवसर पर वर्ष 1980 के मेधावी विद्यार्थियों बी.सी. कपाले, के.आर. सर्यान, धर्मेंद्र भंडारी और विनोद श्रीवास्तव का सम्मान किया गया. कार्यक्रम का संचालन विनोद वर्मा ने किया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में सभी पूर्व छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

